हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 फरवरी 2026

11 धरने को समर्थन देने पुहंची अखिल भारतीय ...



12 लघु सचिवालय में शुरू होगा सरकारी पीजी कॉलेज...



## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर 26 को

**भिवानी।** प्रत्येक व्यक्ति को समाजसेवा में अपना हरसंभव सहयोग देना चाहिए तथा समाजसेवा की दिशा में रक्तदान सबसे बड़ी सेवा है, क्योंकि दान के रूप में दी गई रक्त की चंद बूदें किसी जरूरतमंद मरीज को नया जीवन प्रदान करती हैं। रक्तदान के माध्यम से किसी का जीवन बचाने के उद्देश्य से 26 फरवरी को सांस्कृतिक मंच के सहयोग से भिवानी के स्थापना दिवस पर चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शिविर के आयोजक रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट व वंशिका फाउंडेशन द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### सोरडा से 16 सीसीटीवी कैमरे ले गए चोर

**बहल।** सोरडा कदीम में पंचायत द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने 20 और 21 फरवरी की मध्यरात्रि को गांव की फिरनी पर लगे कुल 15 कैमरे तथा एक अन्य निजी कैमरा चोरी कर लिया। सोरडा कदीम के मौजूदा सरपंच सोमबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंचायत द्वारा गांव की सुरक्षा के लिए चारों तरफ फिरनी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। 21 फरवरी को सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच जांच करने पर कैमरे गायब मिले। इसी रात जयनारायण पुत्र राजकुमार द्वारा किसान खल भंडार के सामने खंभे पर लगाया गया सीसीटीवी कैमरा भी चोरी कर लिया गया। सरपंच ने पुलिस से अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा कैमरों की बरामदगी की मांग की है।

### ग्राम सचिवालय में आठ को होगा हिंदू सम्मेलन

**चरखी दादरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संघ के तत्वाधान में पूरे देश में विभिनन सांस्कृतिक व भारतीय परंपराओं को सुदृढ बनाने के लिए हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में महराणा मंडल में सम्मेलन के आयोजन के लिए बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुकेश रावलधी ने की। बैठक में तय किया कि 8 मार्च को महराणा के ग्राम सचिवालय में हिंदू सम्मेलन का आयोजन मंडल स्तर पर किया जाएगा। मंडल के तहत आने वाले सात गांवों के सभी हिंदू समाज के लोगों की अधिक से अधिक भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए काम किया जाएगा। बैठक में सम्मेलन के लिए आयोजन समिति गठित की गई, जिसमें आयोजन संयोजक की जिम्मेदारी सुनील सनवाल को दी। इसके अलावा सह संयोजक सत्यप्रकाश, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सनवाल सहित कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र खेडी, गुणपाल पातुवास, मुकेश महराणा, अरविंद मास्टर, अमित पंघाल, सुनिल पातुवास को मनोनित किया।

## परीक्षा की तैयारियां मुक्कमल, शिक्षा बोर्ड ने सुपरिंटेंडेंट को सौंपी परीक्षा सामग्री

# कैमरों की नजर तले दसवीं-बारहवीं के 29 हजार परीक्षार्थी देंगे बोर्ड की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं में बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही अंदर किसी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे की नजर तले परीक्षा का आयोजन होगा। इसके लिए उन्हीं स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिनमें सीसीटीवी कैमरे लगे है। दूसरी तरफ जिन शिक्षकों की परीक्षा में डयूटी लगी है। उनको परीक्षा सामग्री के थैले वितरित किए गए। साथ ही उनको परीक्षाओं में किसी तरह की कोई अनियमितता न बरतने की हिदायत दी।



यहां यह बताते चले कि जिले में दसवीं व बारहवीं के बच्चों की परीक्षा के आयोजन के लिए 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सभी परीक्षा केंद्रों का नियंत्रण शिक्षा बोर्ड स्थित नियंत्रण कक्ष में होगा। परीक्षा केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों का सीधा कनेकशन शिक्षा बोर्ड में बनाए गए नियंत्रण कक्ष में रहेगा। जब भी कोई परीक्षार्थी कोई गड़बड़ी करता पाया गया तो उसकी हरेक गतिविधियां शिक्षा बोर्ड स्थित नियंत्रण कक्ष में देखी जा सकेगी। यहां यह बताते चले कि इस बार सेकेंडरी कक्षा के 14533 तथा सीनियर सेकेंडरी कक्षा में 14250 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी:** 25 फरवरी से होने वाली सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सोमवार को सरकारी स्कूल में शिक्षकों को परीक्षा सामग्री के थैले सौंपे गए। इस दौरान बीईओ महेंद्र सिंह ने उक्त शिक्षकों को परीक्षा में गोपनियता बनाए रखने के लिए हिदायतें भी दी। साथ ही शिक्षा बोर्ड द्वारा किए गए दिशा निर्देशों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नकल रहित परीक्षा का आयोजन करवाने का सभी दायित्व है। इस मामले में कोई ढिलाई व लापरवाही बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए। अगर लापरवाही बरती तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी संभव है।

### साढ़े 12 बजे शुरू होगा इम्तिहान

■ 25 फरवरी को 12 वीं तथा 26 को दसवीं क्लास की परीक्षा होगी

■ परीक्षार्थी को पेपर शुरू होने से करीब आधा घंटा पहले केंद्र में पहुंचना होगा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जाने वाली परीक्षा दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू होगी और साढ़े तीन बजे तक चलेगी। 25 फरवरी को 12 वीं कक्षा तथा 26 फरवरी को दसवीं क्लास की परीक्षा होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा दोपहर साढ़े 12 बजे ही होगी। परीक्षा केवल एक ही पारी में आयोजित करवाई जाएगी। इसके अलावा परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से करीब आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा। अगर उसके बाद कोई परीक्षार्थी आता है तो उसको परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिल पाएगा।

### अधिकारी आज करेंगे परीक्षा केंद्र ओपन

परीक्षा सामग्री लेने के बाद शिक्षक अपने घर चले जाएंगे। मंगलवार को निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे और परीक्षा के आयोजन की पूरी तैयारी करवाएंगे। जिन सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगी है। उनकी भी मंगलवार को ही परीक्षा केंद्र पर हाजिरी लगेगी। अधिकारी ने बताया कि वे परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सबसे पहले सीसीटीवी कैमरों की जांच करें। यह भी देखे कि परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे है या नहीं।इस बारे में तत्काल स्कूल के मुखिया को सूचित करें।

### परीक्षा केंद्र के कैमरों की जांच करें: बीईओ

परीक्षा सामग्री वितरित करवाने पहुंचे बीईओ महेंद्र सिंह ने बताया कि आज उनकी देखरेख में स्कूल से जिन शिक्षकों की परीक्षा ड्यूटी लगी है। उनको परीक्षा सामग्री के थैले वितरित किए गए है। साथ ही उनको परीक्षा के सफल व शांतिपूर्वक तरीके से कराए जाने से संबंधित हिदायत भी दी गई है। उनको यह भी कहा गया कि वे परीक्षा केंद्र पर पहुंचते ही सीसीटीवी कैमरों की जांच करें। सारी तैयारी जांचे,उसके बाद परीक्षा का आयोजन करवाए।

### केंद्रों पर धारा 163 लागू , 1 अप्रैल तक होंगी परीक्षाएं

**चरखी दादरी।** जिलाधीश डा मुनीश नागपाल ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा जिला चरखी दादरी के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 25 फरवरी से 1 अप्रैल तक आयोजित परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ एकत्र होने, अवरोध उत्पन्न होने अथवा सार्वजनिक शांति एवं व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### आकाश चौधरी को विस सत्र में नमन किया

**बाढ़ड़ा।** गांव रुदड़ौल निवासी सीआईएसएफ के उपनिरीक्षक आकाश चौधरी के ड्यूटी के दौरान निधन पर सोमवार को विधानसभा सत्र में शोक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें उनकी राष्ट्रसेवा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने पर नमन किया गया। विधानसभा सत्र में विधायक उमेद पातुवास व विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि आकाश चौधरी मजबूत नेतृत्व सोच के अधिकारी थे लेकिन छतीसगढ, उड़ीसा सीमा क्षेत्र में घटित नदी के तेज बहाव में वह वीरगति को प्राप्त हुए हैं जिससे देश ने एक लाल को खो दिया है। इस पर सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया। उनके अलावा उनके पैतृक गांव रुदड़ौल में सांसद धर्मवीर सिंह, विधायक उमेद पातुवास आदि ने पहुंचकर शोक जताया।

## हलवाई के भाई पर किया हमला फ्रैंक्चर होने पर कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ घायल के बयान दर्ज करने के लिए पहुंची पुलिस

बवानीखेड़ा में बाबा कमाल मंदिर के पास स्थित हलवाई की दुकान पर बैठे हलवाई के भाई पर कुछ युवकों ने लाठी डंडों से हमला करके उसे घायल कर दिया। जिसे घायल अवस्था में हांसी के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

दुकान संचालक महेन्द्र मिनोचा ने बताया कि रविवार शाम लगभग साढ़े सात बजे उसकी दुकान पर कार्य करने वाले कासीम के पास उसका भाई आफताब उसके पास खड़ा था और कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पास आकर उस ताबड़तोड़ हमला कर दिया। 112 पर फोन करने पर काफी देर इंतजार पश्चात वह स्वयं कासीम व आफताब को लेकर पुलिस स्टेशन चला गया और पीछे से दुकान पर उसका भाई कृष्ण उर्फ रोढ़ी जो हांसी कोर्ट में नौकरी करता है वह दुकान पर बैठा था। पीछे से हमलावर फिर हाथों में लाठी, डंडे लेकर आए और उसके भाई पर हमला कर दिया। उसके भाई को घायल अवस्था में हांसी के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी टांग में फ्रेक्चर बताया और उसका ऑपरेशन किया गया। दूसरी तरफ थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और पुलिस की टीम घायल के बयान लेने के लिए रवाना हो चुकी है।

### आरआईएमसी देहरादून में कक्षा आठवीं के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**भिवानी।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (आरआईएमसी) देहरादून में जुलाई 2026 सत्र के लिए कक्षा आठवीं में प्रवेश के लिए बालकों और बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनवरी 2027 के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा देश के चुनिंदा शहरों में 7 जून 2026 (रविवार) को होगी। आवेदन पत्र 05 अप्रैल 2026 तक कार्यालय में पहुंचना चाहिए। जानकारी के लिए वेबसाइट सीएसहरियाणा.जीओवी.इन पर विज्ञापन देख सकते हैं। प्रदेश सरकार सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, रक्षा मंत्रालय का एक श्रेणी क प्रशिक्षण संस्थान है।

## बेसहारा पशुओं को भेजा गोशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर परिषद द्वारा बेसहारा पशुओं को आसरा देने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान करीब 650 बेसहारा पशुओं को गोशाला व नंदीशाला भेजा जा चुका है। रविवार और सोमवार को भी बेसहारा पशुओं को पकडक़र नंदीशाला और गोशाला में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि सडक़ों व चौराहों पर बेसहारा गायों व नंदियों के होने के चलते हादसों की आशंका बनी रहती है। इसी बीच हाल ही में हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमेन श्रवण कुमार गर्ग ने भी भिवानी का दौरा किया था और गोशाला संचालकों व शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने जहां एक तरफ शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों को बेसहारा गायों को पकडऩे के निर्देश दिए थे, वहीं दूसरी और गोशाला संचालकों से आह्वान किया था कि वे अधिक से अधिक बेसहारा गायों को आसरा दे ताकि बेसहारा पशुओं की वजह से कोई हादसा ना हो।

जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि नगर परिषद ने बेसहारा पशुओं को पशुओं को पकडऩे व उनको आसरा देने का अभियान चलाया। नगर परिषद द्वारा चौराहों व सडक़ों का निरीक्षण किया जा रहा है, जहां-जहां भी बेसहारा पशु नजर आते हैं, उनको नंदीशाला या गोशाला भिजवाया जा रहा है। विगत एक महीने में करीब 650 बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आसरा दिया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर मलिक ने पशुपालकों से आह्वान करते हुए कहा है कि वे अपने पशुओं को बेसहारा हालत में ना छोड़ें। ऐसा करने वालों पर पांच हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बेसहारा गोवंश को आसरा देने में शहरी स्थानीय निकाय विभाग का सहयोग करें।



■ नप द्वारा बेसहारा पशुओं को आसरा देने का चलाया जा रहा है अभियान



भिवानी। प्रथम प्रयास पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### लघु कविता संग्रह 'प्रथम प्रयास' पुस्तक का किया विमोचन, कन्हैयालाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**भिवानी।** ढाणा रोड स्थित इंडियन हाई स्कूल में समाजसेवी कन्हैयालाल की 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई और सभी ने कन्हैयालाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उपस्थितजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नशे से दूर रहने व अपने माता-पिता के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान लघु कविता संग्रह पर आधारित पृथ्वी सिंह सैनी द्वारा लिखित पुस्तक प्रथम प्रयास का विमोचन किया। इस अवसर पर नंदकिशोर अग्रवाल, कंवर बीरसिंह, अजीत सिंह, सोनिया अत्री, विजय, दीपक चांग, संजय व जगदीश आदि उपस्थित रहे। सभी ने समाजसेवी कन्हैयालाल की जीवन पर प्रकाश डाला और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने व लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।

जल्द होगा स्टेडियम का निर्माण, ग्रामीणों ने पेश की भाईचारे की मिसाल

## ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित कर पिचोपा कलां के खेल स्टेडियम में मिट्टी भरत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढडा

गांव पिचौपा कलां में स्टेडियम निर्माण के सामने मैदान में मिट्टी भरत की समस्या का समाधान हो गया है जिससे जल्द हल अब इसका टेंडर लगने की उम्मीद है। दा वॉरियर कंपनी के मालिक विनीत पिलानिया व ग्रामीणों ने स्वेच्छा से चंदा एकत्रित कर गांव पिचोपा कलां के खेल स्टेडियम मैदान में मिट्टी भरत का कार्य किया गया है जिस पर ग्राम पंचायत पदाधिकारियों ने खुशी प्रकट करते हुए उनका आभार प्रकट किया है।

प्रदेश सरकार द्वारा गांव पिचौपा कलां में आधुनिक सुविधायुक्त खेल स्टेडियम निर्माण के लिए 14.11 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया था लेकिन मैदान में गहरे गड्ढे होने से अभी तक टेंडर नहीं हो पाया है और मामला अधर में लटक गया। विभाग अगर मिट्टी के लिए राज्य मु यालय नया प्रस्ताव भेजता तो यह योजना शुरु होने में ही काफी समय लगता लेकिन समाजसेवी ने नेक कमाई से सराहनीय काम कर दिया। समाजसेवी वीनीत पिलानिया ने एक सराहनीय पहल करते हुए चंदा एकत्रित किया और अपने नेक कमाई से सारे मैदान का मिट्टी भरत किया जिससे खेल विभाग व लोकनिर्माण विभाग की सभी शर्ते पूरी हो गई है जिससे अब जल्द ही खेल मैदान पर स्टेडियम निर्माण आरंभ होगा। सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि दा वॉरियर कंपनी के मालिक विनीत पिलानिया के कारण अब और देरी नहीं होगी और गांव वह आस पास के क्षेत्र में बहुत उत्साह की भावना है। जल्द ही स्टेडियम के लिए टेंडर लग जाएगा इस स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक, हॉकी, ग्राउंड वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, बास्केटबॉल इत्यादि के मैदान बनाए जाएंगे। सभी ग्रामीणों ने दा वॉरियर क पनी के मालिक विनित पिलानिया का पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।

*मैदान में गहरे गड्ढे होने से अभी तक टेंडर नहीं हो पाया है और मामला अधर में लटक गया था*

### डॉ. बीएन वर्मा की स्मृति में होली पर खेला जाएगा पूर्व क्रिकेटर्स का मैत्री मैच

**चरखी दादरी।** स्टेडियम रोड पर शुभम वाटिका में होली मिलन समारोह पर डॉ. बीएन वर्मा की याद में होने वाले क्रिकेट मैच के बारे में बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं पूर्व विधायक राजदीप फोगाट ने किया। बैठक में काफी संख्या में दादरी के पूर्व क्रिकेटर्स शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि होली मिलन समारोह पर होने वाला मैच डॉ. बीएन वर्मा के सम्मान में खेला जाएगा,जिन्होंने अपना पूरा जीवन खेलों को समर्पित किया। डॉ. बीएन वर्मा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व खेल संस्थाओं के संरक्षक रहे।

■ होली मिलन समारोह पर दो दिवसीय होंगे पूर्व क्रिकेटर्स मैत्री मैच

सन 1975 में प्रभात क्रिकेट क्लब के निदेशक रहे व दादरी क्रिकेट क्लब के प्रधान भी थे। दादरी में सर्वप्रथम बैडमिंटन टूर्नामेंट करवाने वाले भी डॉ. बीएन वर्मा ही थे, इसलिए 28 फरवरी व 1 मार्च को चरखी दादरी के विजन क्रिकेट अकेडमी में मैत्री मैच खेलते हुए दादरी क्रिकेट प्रेमियों की तरफ से उन्हें भावभिनी श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी। बैठक में राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, संजीव जैन, लक्ष्मी नारायण, गोपाल, पवन वशिष्ठ, चुन्नीलाल, राकेश भारद्वाज, बालकिशन, चीकू, संदीप, श्रीभगवान आदि मौजूद रहे।

अबकी बार होली रंगों से नहीं विरोध के स्वर से गूंजेगी : आनंद दीक्षित

# धरने पर बैठे एलसीएलओ नहीं मनाएंगे होली

■ कुरुक्षेत्र स्थित लघु सचिवालय के धरना स्थल पर बेरंग काली होली मनाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा में अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर्स (एलसीएलओ) ने अब सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। सीआईटीयू से संबंधित एलसीएलओ यूनियन और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने संयुक्त रूप से ऐलान किया है कि एक मार्च को कुरुक्षेत्र स्थित लघु सचिवालय के धरना स्थल पर बेरंग काली होली मनाई जाएगी। यह निर्णय सरकार की वादाखिलाफी और कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीन रवैये के विरोध में लिया गया है। भिवानी जिला प्रधान आनंद दीक्षित ने बताया कि कुरुक्षेत्र में एलसीएलओ का धरना पिछले 156 दिनों से अनवरत जारी है। उन्होंने रोष प्रकट करते हुए कहा कि कडक़ती ठंड और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है।

दीक्षित के अनुसार एलसीएलओ कर्मचारियों के साथ लगातार अन्याय और उपेक्षा की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है। यूनियन ने भर्ती प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि दो-दो कड़े एग्जाम पास करने और 1000 शुल्क जमा करने के बाद भी योग्य अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिला। जिस विज्ञापन में एलसीएलओ का कोई उल्लेख नहीं था, उसके बावजूद सरकार द्वारा बिना निश्चित वेतन के कर्मचारियों को नियुक्त करना पूरी तरह से अधिकारों का हनन है। बैठक में प्रवीन (राज्य उपप्रधान), आनंद दीक्षित (भिवानी जिला प्रधान), कीर्ति, रोहित धानिया आदि मौजूद रहे।




भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मनाई थी काली दिवाली

एलसीएलओ राज्य उपप्रधान प्रवीण ने कहा कि हमने इसी धरना स्थल पर काली दिवाली मनाई थी और अब सरकार की नाकाम नीतियों के कारण हम बेरंग होली मनाने को मजबूर हैं। यह एक प्रतीकात्मक रोष है जो सरकार को यह संदेश देगा कि जब तक न्याय नहीं मिलता, यह संघर्ष थमेगा नहीं। राज्य उपप्रधान प्रवीन ने हरियाणा के कोने-कोने से एलसीएलओ से अपील की है कि वे एक मार्च बड़ी संख्या में कुरुक्षेत्र पहुंचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार की होली रंगों से नहीं, बल्कि विरोध के स्वर से गूंजेगी।

## अंकित मैहड़ा बने पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर्स संघ के ब्लॉक प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति : धर्मेंद्र चिड़िया

सोमवार को झोझूकलां ब्लॉक के पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर्स की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला महासचिव धर्मेंद्र चिड़िया ने की तथा संचालन अरविन रामबास ने किया। बैठक में ब्लॉक के सभी पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर्स ने भाग लेते हुए संगठनात्मक मजबूती और कर्मचारियों के हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। जिला महासचिव धर्मेंद्र चिड़िया ने भारतीय मजदूर संघ एवं हरियाणा पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की रीति-नीति, उद्देश्य व कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि संगठन की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और सभी साथियों को अनुशासन व समर्पण के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से झोझूकलां ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न हुई, जिसमें अंकित मैहड़ा को ब्लॉक प्रधान, नरेश शिशवाल को उपप्रधान, अमन कलाली को सचिव, मनदीप पिचोपाकलां को उपसचिव, मोहित पालडी को कोषाध्यक्ष व रजत निहालगढ़ को प्रेस प्रवक्ता चुना। नवचयनित पदाधिकारियों ने पद की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसे वे पूरी निष्ठा, और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। संगठन हित में कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। महासचिव ने सभी नवचयनित साथियों से संगठन को और मजबूत बनाने व कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
24 फरवरी 2026


# सहेली



एक बार जीवनसाथी से इमोशनल बॉन्डिंग कम होने लगे तो मैरिटल आइसोलेशन की पीड़ा मिलना तय है। ऐसे हालात में एक ही घर में रहने वाले, साथ जीवन बिताने वाले दंपती आपस में अपरिचित लगने लगते हैं। दांपत्य जीवन में यह स्थिति बहुत खतरनाक है। इससे कैसे बचा जाए और कैसे दांपत्य जीवन मधुर रहे, आपके लिए जरूरी सलाह।

## मैरिटल आइसोलेशन से बचें
## बनाए रखें इमोशनल बॉन्डिंग

कवर स्टोरी
स्नेहा सिंह

प्रायः यह देखा जाता है, शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच पहले जैसा आकर्षण नहीं रहता है या फिर इस आकर्षण में उन्हें कोई रुचि नहीं रहती। कारण अनेक हो सकते हैं, लेकिन समाधान क्या है, यह विचारणीय है। सामान्यतः विवाह के कुछ वर्ष बीतते ही यह भावना किसी एक या दोनों पक्षों में जन्म लेने लगती है। पति या पत्नी या फिर दोनों यह मानने लगते हैं कि उनके लाइफ पार्टनर को उनमें कोई रुचि नहीं रही। वे उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। वास्तविकता यह है कि आप एक ही बिस्तर पर सोते हैं, एक ही डिनर टेबल पर बैठते हैं, साथ में टीवी देखते हैं, एक ही संतान या संतानों का पालन-पोषण मिलकर करते हैं और फिर भी अकेलापन महसूस होता है। आप सहवास करते हैं, पर उसमें प्रेम नहीं होता। आप बात करते हैं, उसमें उत्साह नहीं होता। आप साथ रहते हैं, उसमें कहीं भी सच्चा साथ नहीं होता। यह अकेलेपन का वायरस आसानी से समझ में नहीं आता है। धीरे-धीरे मन में घर करता है और फिर अपने पांव पसारता है। जब तक बीमारी समझ में आती है, तब तक वैवाहिक जीवन में अकेलापन, ऊब और अवसाद फैल चुका होता है। व्यक्ति इमोशनल मालन्यूट्रिशन (एक मनोवैज्ञानिक अवस्था, जिसमें आपसी लगाव कमजोर होने लगता है) का शिकार होने लगता है।



### अपनी-अपनी दुनिया में खोए पति-पत्नी

अकसर देखा जाता है कि पति-पत्नी साथ बैठे होते हैं, एक ही व्हाट्सएप ग्रुप में दस-पंद्रह बार मैसेज पोस्ट करते रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे से बात नहीं करते। बेडरूम में साथ होंगे, लेकिन दोनों अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में बिजी रहते हैं। वर्चुअल दुनिया में घूमते दोनों आपसी संवाद से दूर होते हैं फिर अकेलेपन और नीरस वैवाहिक संबंध की शिकायत करते हैं। इसी संदर्भ में एक उदाहरण- निक्की और वेद की शादी को तीन वर्ष ही हुए थे। दोनों उच्च शिक्षित हैं, संपन्न परिवारों से हैं। वेद अपना फैमिली बिजनेस संभालता, जबकि निक्की अधिकतर समय घर पर बिताती, अपने मित्रों और सास के साथ मिलकर कुछ चैरिटी के काम करती। वह एक छोटा-सा संगठन भी चलाती थी। यह संस्था मूलतः उसकी सास के लिए उसके ससुर ने शुरू की थी, लेकिन निक्की उसमें थोड़ा समय देकर स्वयं को सक्रिय रखती थी। बाकी समय वह घर पर ही रहती। स्थिति तब बदली जब उसके सास-ससुर, वेद के बड़े भाई के पास रहने अमेरिका चले गए। अब घर में केवल दो ही लोग रह गए, वेद और उसकी पत्नी निक्की। शुरुआत में वेद के घर आने के बाद निक्की उत्साह से खाना बनाती, घर को नए-नए तरीके से सजाती। मित्रों को बुलाकर पार्टी करती। वेद भी उत्साह से उसमें शामिल होता। कुछ महीनों तक यह उत्साह बना रहा, फिर धीरे-धीरे उसमें कमी आने लगी। अब स्थिति यह हो गई कि कई बार वेद बिजनेस मीटिंग के कारण देर से आता, कभी अपने चपरासी से कपड़े मंगवा लेता और ऑफिस से ही सीधे बिजनेस ट्रिप पर चला जाता। शहर में भी होता तो ऑफिस पार्टी या अन्य कारणों से देर से घर आता। यह सिलसिला धीरे-धीरे बढ़ने लगा। निक्की कई बार वेद की पसंद का खाना बनाती, लेकिन वह बाहर से डिनर करके आता या आधी रात को लौटकर खाना ही नहीं खाता। छुट्टी के दिन भी वह कमरे में लैपटॉप लेकर बैठा रहता, काम करता रहता। धीरे-धीरे वेद और निक्की के बीच सारे संवाद बंद से हो गए। वेद-निक्की, जो कभी लव बर्ड्स थे, अब एक-दूसरे पर चिल्लाते-गुस्साते। निक्की को लगने लगा कि वेद को अब उसमें कोई रुचि नहीं है। शादी हो गई, पत्नी मिल गई, अब सब समाप्त। दूसरी ओर वेद को लगता कि निक्की देर तक जाग नहीं सकती, पार्टियों में साथ नहीं आ पाती, इसलिए उसका घर में रहना ही बेहतर है। संबंधों में यह उपेक्षा कभी स्वाभाविक रूप से तो कभी जानबूझकर होती है। अन्य पारिवारिक संबंधों में इसे कुछ समय तक सहा जा सकता है, लेकिन जब पति-पत्नी ही एक-दूसरे की उपेक्षा करने लगें तो वैवाहिक संबंध अपने मायने खो देते हैं। शेष बचता है संताप, जो अत्यंत घातक है।



### चाहिए एक मास्टर प्लान

हम सभी को एक बात स्वीकार करनी होगी, घर हो या संबंध, उसे संभालने के लिए एक मास्टर प्लान चाहिए। जिस प्रकार घर बसाने के बाद उसकी देखभाल की प्लानिंग की जाती है, उसी तरह विवाह के बाद संबंध को बनाए रखने की भी एक प्लानिंग बनानी चाहिए। इक्कीसवीं सदी की जीवनशैली में इस तरह का मास्टर प्लान और भी जरूरी हो गया है, क्योंकि हम भौतिक जीवन को महत्व देने लगे हैं। कई बार हम वस्तुएं देकर संबंध बनाते और निभाते हैं, भावनाएं नहीं होती हैं। हम भावनाओं की बचत करते हैं और पैसे खर्च करते हैं, इसी कारण संबंध सिंथेटिक होते जा रहे हैं। हमें इससे बचना चाहिए, जीवन में भावनाओं का महत्व समझना चाहिए।

### बहुत जरूरी है पति-पत्नी के बीच विश्वास

पति-पत्नी के संबंध बने रहें, इसके लिए सबसे अधिक जरूरी है, एक-दूसरे के प्रति विश्वास। जीवन किसी भी स्थिति में हो, अपने जीवनसाथी से हमेशा संवाद बनाए रखना चाहिए। अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करना चाहिए, इससे समस्याओं का समाधान निकलता है। जीवनसाथी से अधिक सहजता से कोई आपकी कठिनाइयों को नहीं समझ सकता और न सही समाधान दे सकता है। पति-पत्नी यदि एक-दूसरे को 'आई लव यू' न भी कहें, इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यदि प्रेम का अहसास एक-दूसरे को न कराएं तो रिश्ते अपना अर्थ खो देते हैं। व्यक्ति अकेलेपन को दूर करने के लिए जीवनसाथी खोजता है, यदि विवाह के बाद भी वह अकेलापन महसूस करे तो यह गंभीर चिंता का विषय हो जाता है, क्योंकि विवाह संस्था समाज की सबसे बड़ी आधारशिला है।

### बनाए रखें संवाद

दांपत्य जीवन में आज के समय में हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम जीवनसाथी से संवाद करना ही भूल जाते हैं। जिसके साथ रहते हैं, जीवन बिता रहे हैं, उसी से बात करने की जरूरत नहीं महसूस करते। हम उसके स्वभाव, प्रतिक्रिया और विचारों को लेकर अपनी गलत धारणाएं बना लेते हैं, उसी आधार पर प्रतिक्रिया देते हैं। गलत धारणाओं से शुरू हुआ यह चक्र धीरे-धीरे विषचक्र बन जाता है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए, दांपत्य की हर समस्या-कठिनाई का समाधान पति-पत्नी के आपसी संवाद में ही है। यदि समाधान बाहर ढूंढ़ेंगे तो स्थिति और उलझेगी। अपने जीवनसाथी के साथ रहकर भी यदि हम उसे समझ न सकें और स्वयं को भी न समझा सकें, तो दांपत्य के मायने खो जाते हैं। एक बार जीवनसाथी के साथ इमोशनल बॉन्डिंग कम होने लगे तो मैरिटल आइसोलेशन की पीड़ा जन्म लेगी ही, हमें इससे बचना चाहिए। हमेशा यह कोशिश होनी चाहिए, दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहे।

---

कुछ लोग अपना ध्यान किसी काम में केंद्रित नहीं कर पाते हैं, पल भर में उनका ध्यान किसी दूसरी ओर चला जाता है, दूसरे ही पल फिर किसी और तरफ। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो अमल में लाएं यहां बताई बातें।

## क्या आपको अपना ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है?

सलाह
विधि गोयल



क्या आपका मन भी किसी एक चीज पर फोकस नहीं कर पाता, इधर-उधर ध्यान भटकता रहता है यानी, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है, चाहकर भी ध्यान केंद्रित नहीं हो पाता, तो आप इसको नजरअंदाज न करें और सावधान हो जाएं। क्योंकि इसका अर्थ है कि आप एकाग्रता की कमी की समस्या का शिकार हो रही हैं।

**न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर की प्रॉब्लम:** अगर किसी को ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है, तो इसका एक कारण अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर (ए. डी. एच. डी.) हो सकता है। यह एक न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर है, जो ध्यान और एकाग्रता जैसी समस्याओं को प्रभावित करता है। कुछ लोग चीजें भूलने लग जाते हैं, उन्हें बेचैनी रहती है और एक जगह बैठने में दिक्कत होती है। ये सभी अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर के लक्षण होते हैं, जिसके कारण ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। इसके अलावा शॉर्ट अटेंशन स्पैन के कई अन्य कारण डिप्रेशन, नींद में कमी या सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताना भी हो सकता है। ध्यान केंद्रित न होने की समस्या को सोशल मीडिया का समय तय करने के अलावा लाइफ में कुछ अन्य बातों को अमल में लाकर आप अपने कामों में ध्यान केंद्रित करने की आदत में काफी हद तक सुधार ला सकती हैं। इस बारे में आपको भी जरूर जानना चाहिए।



**रेग्युलर ब्रेक लें:** बर्नआउट से बचने के लिए काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें, इससे माइंड रिलैक्स होगा, थकान से राहत मिलेगी और एकाग्रता में सुधार आएगा।

**ब्रेन गेम्स खेलें:** हर वक्त काम में बिजी रहने से टेंशन और एंग्जाइटी होती है। इससे बचने के लिए सुडोकू, क्रॉसवर्ड, बुक रीडिंग, पहेलियां और मेमोरी गेम्स खेलें। इससे एकाग्रता बढ़ती है।

**टाइम मैनेजमेंट करें:** हर रोज सभी कार्यों को समय पर करने के लिए पहले से प्लानिंग करके टू डू लिस्ट तैयार करें। इससे सभी कार्य समय पर पूरे होते हैं, जिससे एकाग्रता में सुधार होता है। इसके अलावा रोज के काम जरूर पूरा करें। कार्य को कल पर टालने से बचें।

**माइंडफुलनेस की प्रैक्टिस करें:** माइंडफुलनेस और मेडिटेशन से सांसों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है और मन को भटकाने वाले विचारों से राहत मिलती है और ब्रेन को बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।

**पर्याप्त नींद लें:** नींद की कमी से भी एकाग्रता की कमी की समस्या होती है। इसलिए व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर को होने वाली थकान से बचाने के लिए रात में 7 से 9 घंटे की भरपूर नींद लें। इससे शरीर और दिमाग रिलैक्स होगा और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बेहतर होगी।

**हाइड्रेटेड रहें और हेल्दी डाइट लें:** हेल्दी डाइट लेने से एकाग्रता और याद्दाश्त पर सीधा प्रभाव पड़ता है। एकाग्रता बढ़ाने के लिए मछली, अंडे, ब्लूबेरी और पालक जैसे खाद्य पदार्थ डाइट में शामिल करें। साथ ही शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं। ।

**वर्कआउट से मिलता है लाभ:** नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से शरीर में ब्लड का सर्कुलेशन ठीक होता है, जिससे ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ जाता है और शरीर दिनभर एक्टिव और हेल्दी रहता है। रोज केवल 30 मिनट वॉक करने से भी फोकस करने की क्षमता काफी बेहतर होती है।

**(मनोचिकित्सक डॉ. मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)**

---

लोक-व्यवहार
अलका 'सोनी'

अगर आपके पड़ोसी अच्छे हैं तो आप बहुत खुशनसीब हैं। पड़ोसी आपका ध्यान रखकर मानसिक सुरक्षा ही नहीं देते, सकारात्मक माहौल देकर आपको स्वस्थ और प्रसन्न रखते हैं। इसलिए पड़ोसी से हमेशा अपने संबंध आत्मीय रखें।

## हमें स्वस्थ-प्रसन्न रखते हैं अच्छे पड़ोसी



बड़े-बुजुर्ग कहा करते हैं कि पड़ोस से इतना रिश्ता जरूर रखना चाहिए कि जब भी सामने पड़ें तो नजरें मिला सकें। क्योंकि मौके-बेमौके वे ही काम आते हैं। बुजुर्गों के इस कहन में उनका वर्षों का जीवन अनुभव है, वे इस बात को भली-भांति समझते हैं कि हमारी खुशी व्यष्टि से ज्यादा समष्टि में निहित होती हैं। सामाजिक मेल-जोल अकेलेपन, अवसाद और चिंता से हमारी सुरक्षा करता है। हमारी भारतीय संस्कृति में आस-पड़ोस से अपनेपन के रिश्ते सदियों पुराने देखे गए हैं। भारत में हर त्योहार आज भी पड़ोस के साथ मिलकर ही मनाया जाता है। इस संस्कृति को अब विदेशों में भी अपनाया जा रहा है। इस पर अनेक विदेशी मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री अध्ययन भी कर रहे हैं।

**मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है आस-पड़ोस:** आज जिसे देखो वहीं अवसाद से ग्रस्त रहता है। इसका एक बहुत बड़ा कारण है- अकेलापन। इस संकट से निपटने के लिए हमारे बुनियादी सामाजिक ढांचे का मजबूत होना बहुत जरूरी है। जिसमें सामाजिकता और शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने वाले पड़ोस की भूमिका अहम हो जाती है। आस-पड़ोस का स्वस्थ वातावरण हमारे जीवन को अनेक प्रकार से प्रभावित करता है। अकेले रहना, अपने पड़ोसियों से बातचीत नहीं करना, मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। दूर के लोगों से अच्छी मित्रता होना ठीक है, लेकिन आपके पड़ोस में रह रहे लोगों से अच्छी बनती है तो यह किसी वरदान से कम नहीं है। इसके एक नहीं अनेक फायदे हैं, हमें यह जरूर जानना चाहिए-

**बढ़ती है उम्र:** मनोविज्ञान कहता है कि खुश और व्यस्त रहना, लंबी उम्र के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे आपके अंदर ऊर्जा और जिजीविषा बनी रहती है, हम दीर्घायु होते हैं। इसमें हमारे अच्छे पड़ोसी बहुत मददगार साबित होते हैं। अमेरिका के नेबरहुड क्वालिटी ऑफ लाइफ स्टडी के एक डेटा विश्लेषण, जिसमें सिएटल, बाल्टीमोर और वाशिंगटन डीसी के 32 पड़ोस में रहने वाले वयस्क शामिल थे, के निष्कर्ष ने बताया कि हमारे पड़ोसी सामाजिक संपर्क को बढ़ावा देते हैं, जैसे कि नमस्ते करना, मदद मांगना या पड़ोसियों के साथ मेल-जोल बढ़ाना।

**मिलती है सुरक्षा:** आस-पड़ोस से अच्छा रिश्ता सुरक्षा की दृष्टि से भी जरूरी है, क्योंकि जब आपके पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध होते हैं, तो वे आप पर नजर रखते हैं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में आपको सचेत रखते हैं। आपकी अनुपस्थिति में संभावित नुकसान से बचाते हैं। आपके घर के आस-पास आवांछित गतिविधि पर पुलिस को कॉल कर आपकी मदद करते हैं ताकि आप मुसीबत से बचें। कहते हैं, संकट के समय रिश्तेदार से पहले पड़ोसी ही मदद करते हैं।

**मिलती है स्वास्थ्यवर्धक सकारात्मकता:** अगर आपको स्नेही और मित्रवत पड़ोसी मिले हैं, यह किसी आशीर्वाद से कम नहीं है, क्योंकि शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों के साथ रहने से नकारात्मक माहौल बनता है, इसका आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जब आप अपने पड़ोसी के साथ खुश और सकारात्मक रहती हैं, तो बातचीत में किसी प्रकार का तनाव महसूस नहीं करती हैं, इससे मूड सही रहता है।

### सबको मिलती है खुशी

**अच्छा और** स्वस्थ माहौल सबके लिए जरूरी है। इसमें पड़ोसियों की भूमिका अहम होती है। एक अच्छे पड़ोसी का महत्व हमने सबसे ज्यादा कोरोना काल में महसूस किया था, जिसकी वजह से महामारी के दौरान लोग अकेलेपन और अवसाद से बचे रहे। होली के रंग और दिवाली की रोशनी की चमक तब तक अधूरी है, जब तक कि ये सबके साथ नहीं मनाए जा रहे हों। अच्छे पड़ोसी विशेषकर बुजुर्गों से बच्चों को अच्छी परवरिश, युवाओं को सही मार्गदर्शन और सपोर्ट मिलता है। बुजुर्गों को भी युवाओं का साथ और सहयोग मिलता है। ऐसा स्वस्थ माहौल सबको आपस में बांधे रखता है। सबको एक खुशी मिलती है।

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## आपके बाल दिखेंगे घने-खूबसूरत
## अपनाएं ये आसान कारगर उपाय

घने और खूबसूरत बाल हर महिला की चाहत होती है, लेकिन खराब जीवनशैली और भाग-दौड़ भरी व्यस्तता में बालों की अच्छी तरह देखभाल करना किसी चुनौती से कम नहीं लगता है। इसके अलावा अधिकतर महिलाएं चेहरे को निखारने पर जितना ध्यान देती हैं, उतना बालों की देखभाल पर नहीं देती हैं। इससे बाल रूखे, बेजान और कमजोर होने लगते हैं। इनसे बचने के लिए आपको कुछ उपायों पर अमल करना चाहिए।

**रेग्युलर क्लीनिंग:** बालों की अच्छी देखभाल के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने बालों को अच्छी तरह से नियमित धोएं और इसके लिए केमिकल के बजाय नेचुरल चीजों को यूज करें। दरअसल, बाजार में मिलने वाले केमिकल प्रोडक्ट्स के नियमित प्रयोग करने से बालों पर काफी बुरा असर पड़ता है। इससे बचने के लिए आप घर पर ही हेयर क्लींजर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप आंवला, रीठा और शिकाकाई का उपयोग कर सकती हैं। यह आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ स्कैल्प को भी साफ करता है। इस हेयर वॉशर को बनाने के लिए एक मुट्ठी सूखा रीठा, शिकाकाई और आंवला लें। इन्हें एक लीटर पानी में डालकर रात भर भीगने के लिए रख दें। अगले दिन इनको पानी के साथ धीमी आंच पर तब तक उबालें, जब तक कि पानी आधा न रह जाए। लेकिन इसको तेज आंच पर न उबालें। अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर छलनी की मदद से इसे छान लें। फिर इस मिश्रण का इस्तेमाल अपने बालों को धोने के लिए करें। इससे आपके बाल पूरी तरह साफ हो जाएंगे और केमिकल्स के दुष्प्रभावों से भी बचे रहेंगे।



**हेयर ऑयलिंग:** बालों की ऑयलिंग करने से भी उनको बहुत मजबूती मिलती है। इसके लिए बालों में हल्के हाथ से तेल से मसाज करें। इससे बालों की कोशिकाओं में रक्त का संचार बढ़ता है। इससे बाल कोमल और चमकदार हो जाते हैं। ध्यान रहे कि आपको बालों को तेजी से रगड़ना नहीं है। आप बालों में नारियल का तेल या जैतून का तेल लगा सकती हैं। बालों को स्वस्थ बनाने में बादाम का तेल भी बहुत कारगर होता है।

**डेंड्रफ दूर करने के लिए:** बालों में डेंड्रफ यानी रूसी की समस्या से भी बहुत सी महिलाएं परेशान रहती हैं। इससे बाल कमजोर होकर झड़ने भी लगते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए शुद्ध नारियल का तेल या तिल का तेल इस्तेमाल करना कारगर है। आप शुद्ध जैतून का तेल गर्म करके भी लगा सकती हैं।

इन उपायों के अलावा मजबूत और खूबसूरत बालों के लिए लाइफस्टाइल और डाइट पर भी ध्यान देना होगा।

---

मेडिकल एडवाइस
डॉ. माला श्रीवास्तव
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली

मेनोपॉज के शुरुआती दिनों से कुछ महीने बाद तक महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में परेशान न होकर राहत पाने के उपायों को अपनाना चाहिए। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

## मेनोपॉज के दौरान होने वाली प्रॉब्लम्स
## टेंशन न लें-राहत के उपाय अपनाएं

अगर आपकी उम्र 45 साल से ज्यादा हो चुकी है, आपको अनियमित पीरियड्स, अनिद्रा और रात को पसीना आने जैसी समस्याएं परेशान करती हैं तो यह मेनोपॉज का लक्षण हो सकता है। यह महिलाओं के जीवन का ऐसा दौर है, जब उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन नामक हार्मोन का सीक्रीशन कम होने लगता है, जिसके परिणामस्वरूप उनके पीरियड्स आना बंद हो जाते हैं। उम्र के इस दौर में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन सही जानकारी और जीवनशैली बदलाव लाकर इनसे बचा जा सकता है।

**होने वाली शुरुआती समस्याएं:** मेनोपॉज के शुरुआती दौर को पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। इस दौरान सबसे बड़ी समस्या हॉट फ्लैशेस की होती है, जिसमें अचानक शरीर में गर्मी की लहर महसूस होती है, पसीना आता है और दिल की धड़कन तेज हो जाती है। यह रात में नाइट स्वेट्स के रूप में भी प्रकट होता है, जो नींद में बाधा डालता है। वेजाइनल ड्रायनेस एक और प्रमुख समस्या है, जिसमें वेजाइना में सूखापन और जलन होती है, जो सेक्स के दौरान दर्द का कारण बनती है। हार्मोनल बदलाव के कारण मूड स्विंग्स, चिड़चिड़ापन, उदासी और एकाग्रता में कमी भी देखी जाती हैं। कुछ महिलाओं को अनियमित पीरियड्स, सिरदर्द या जोड़ों में दर्द का अनुभव होता है। ये लक्षण कुछ महीनों से तीन-चार वर्ष तक रह सकते हैं। यदि मेनोपॉज समय से पहले होता है, तो ये लक्षण अधिक गंभीर हो सकते हैं।



**मेनोपॉज के बाद की समस्याएं:** मेनोपॉज के बाद की अवधि पोस्टमेनोपॉज कहलाता है, जिसमें लक्षण कम हो सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। एस्ट्रोजन की कमी के कारण हृदय रोग का खतरा बढ़ता है, क्योंकि यह हार्मोन रक्त वाहिकाओं को लचीला रखने और कोलेस्ट्रॉल को संतुलित करने में मदद करता है। मेनोपॉज के बाद ऑस्टियोपोरोसिस भी हो सकता है, जिसमें हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ता है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं की बोन डेंसिटी 25 प्रतिशत तक घट सकती है। खासतौर पर बैकबोन और हिप्स में दर्द होने की आशंका बढ़ जाती है। मेनोपॉज के बाद वेजाइनल ड्रायनेस और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) बढ़ सकते हैं। इसी वजह से मेनोपॉज के बाद कुछ महिलाओं में चिड़चिड़ापन, उदासी और डिप्रेशन जैसे लक्षण नजर आते हैं।



### इन बातों का रखें ध्यान

- मेनोपॉज से पहले अनियमित पीरियड्स, हल्की या कम ब्लीडिंग सामान्य बात लक्षण है, लेकिन जब कई दिनों तक हेवी ब्लीडिंग हो तो यह चिंताजनक है, ऐसी स्थिति में आपको बिना देर किए स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।
- डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद कैल्शियम से आपकी हड्डियों को मजबूती मिलेगी।
- अपने नियमित आहार में हर तरह की दाल, अंकुरित अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियों और मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें।
- प्रतिदिन सुबह आधे घंटे के लिए धूप में जरूर बैठें। सूरज की किरणों से मिलने वाला विटामिन-डी हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होता है।

प्रस्तुतिः विनीता

## खबर संक्षेप



### कलाकारों ने दिखाया संस्कृति का जलवा

**भिवानी।** रंगारंग आर्ट एंड कल्चर एसोसिएशन हरियाणा एवं नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर पटियाला के संयुक्त तत्वावधान में पटियाला पंजाब में सरस मेला शीश महल में हरियाणवी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस लोक नृत्य को नॉर्थ जोन कल्चरल सेंटर पटियाला के कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र शर्मा ने खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रंगारंग आर्ट एंड कल्चर संगठन के कलाकारों ने पटियाला के लोगों का दिल जीत लिया है और कहा सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार का उद्देश्य भी यही हैं कि जो लोक नृत्य बिल्कुल खत्म हो चुके हैं, उन्हें पुनः: जीवित करके मंच पर लाना ही एकमात्र भारत सरकार का उद्देश्य है। संगठन के प्रधान सुरेंद्र सिंह का सम्मान किया।



### महिला कॉलेज का सात दिवसीय कैंप संपन्न

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलां में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मन्जू सांगवान व डॉ. शर्मिला कुमारी के निर्देशन में चल रहे एन.एस.एस. इकाई प्रथम व द्वितीय के सात दिवसिय कैंप के अंतिम दिन प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत योग के साथ हुई। सबसे पहले स्वयंसेविका एकता ने छठे दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद राजकीय कन्या महाविद्यालय बहू से आए डॉ. रविन्द्र सहायक प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग ने अपने विस्तार व्याख्यान में नैतिक शिक्षा के बारे में जानकारी दी और कहा कि हमें मोबाइल से दूर होकर अपने संस्कारों को अपनाना चाहिए।

### 25 को भारतीय मजदूर संघ करेंगा प्रदर्शन

**बाढ़डा।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा 25 फरवरी को देशव्यापी विरोध दिवस के तहत जिला च. दादरी में प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे कार्यकर्ता कोर्ट पार्किंग, च. दादरी में एकत्रित होंगे और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। भारतीय मजदूर संघ हरियाणा, जिला च. दादरी के पदाधिकारियों ने सभी संबद्ध यूनियनों से अपील की है कि वे अपने-अपने संगठनों के अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ निर्धारित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। ब्लॉक प्रधान सुमेर मांढ़ी ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन मजदूरों की लंबित मांगों और श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करना जरूरी है, इसी उद्देश्य से यह ज्ञापन सौंपा है।

## केंद्र व प्रदेश सरकार जानबूझकर किसानों की मांगों को अनदेखा कर रही

# धरने को समर्थन देने पुहंची अखिल भारतीय किसान सभा

**अंडरपास में जलभराव की वजह से ढाई हजार एकड़ भूमि के राह हुए बंद: कामरेड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव लोहारी जाटू में अंडरपास की जगह ओपन फाटक खुलवाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। इस दौरान अखिल भारतीय किसान सभा ने धरनास्थल पर पहुंचकर समर्थन किया और ग्रामीणों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। धरनास्थल पर उपस्थित प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि सरकार के उपेक्षितपूर्ण रवैये की वजह से गांव के करीब ढाई हजार एकड़ भूमि (खेतों) में जाने का रास्ता बंद हो गया है। अब किसान किस तरह से अपने परिवार का पालन व पोषण कर पाएंगे।



**भिवानी।** ओपन फाटक की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष कामरेड ओमप्रकाश अपने दर्जनों साथियों के साथ गांव लोहारी जाटू में अंडर पास के पास चल रहे धरने पर पहुंचे। धरने को संबोधित करते हुए उक्त नेता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जानबूझकर किसानों की मांगों व समस्याओं को दूर नहीं करना चाहती। रेलवे अंडरपास में भूमिगत पानी आने की वजह से इसमें करीब चार से पांच फुट तक पानी जमा है। जिसके चलते उस पानी से न तो ट्रैक्टर निकल पा रहे है और न ही बैलगाड़ी। किसानों को अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करके खेतों में पहुंचना पड़ रहा है। चूंकि उक्त रेल मार्ग से रेलगाडियों का आवागमन लगा ही रहता है। अब खेतों में फसल पकने की स्थिति में पहुंच गई है। फसले पकने के बाद वे किस तरह से अनाज को गांव व मंडियों तक लेकर जाएंगे। फिलहाल खेतों में जाने का भी रास्ता नहीं है। इस मौके पर राजेश कूंगड़,रामौतार बलियाली, राजेंद्र कुमार, धर्मपाल, बबलू सरपंच, करतार मास्टर आदि मौजूद रहे।

**आंदोलन में और लाएंगे तेजी: राजेंद्र**

धरना संयोजक राजेंद्र कुमार ने बताया कि वे ओपन फाटक की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। अगर रेलवे प्रशासन ने उनकी समस्या नहीं सुनी तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। इनके अलावा अन्य और भी कड़ा कदम उठाने पर मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी।

## छात्राओं को प्रशिक्षण में सिखाए शतरंज के गुर



**भिवानी।** छात्राओं को शतरंज का प्रशिक्षण देते कुलदीप शतरंज। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

श्रीसनातन धर्म जगदीश कन्या वमा स्कूल में छात्राओं को शतरंज का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान पेरिस इंटरनेशनल ओलम्पिक से शतरंज एशिया महादीप के महासचिव ब्रहमचारी कुलदीप शतरंज ने शिक्षकों व छात्राओं को शतरंज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केवल ज्ञान रटना पर्याप्त नहीं, बल्कि बारीकियों को समझना और नए विचारों के प्रति खुला रहना ही खिलाड़ी को ऊंचे स्तर तक पहुंचाता है।

**बढ़ती है मैमोरी**

शतरंज ऐसा खेल है, जिसे बच्चे, बड़े सभी खेलना पसंद करते हैं। शतरंज से व्यक्ति ज्यादा क्रिएटिव बनता है। वहीं शिक्षा स्तर ऊंचा उठाने के लिए शतरंज खेलना बच्चों के लिए अति आवश्यक है और ये बहुत ही बेहतर खेल हैं। शतरंज खेलने से मैमोरी बूस्ट के साथ डिप्रेशन, चिंता व अल्जाइमर जैसे रोगों का खतरा कम होता है। जब बच्चे शतरंज सीखते है तो उनकी पढ़ाई पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ता है। प्राचार्या संगीता सैनी ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग लेने का संदेश दिया।

# किसी भी माता में खून की कमी ना रहे

- तोशाम के प्ले स्कूल में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी किरण के निर्देशानुसार स्थानीय कर्मचारीयों द्वारा सोमवार को तोशाम के पंचायत घर में स्थित प्ले स्कूल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सोमवार को भी तोशाम के पंचायत घर में स्थित प्ले स्कूल पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करवाई गई है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को खानपान से संबंधित विभिन्न बातें समझाई गई हैं जिस किसी भी माता में खून की कमी ना रहे। मलिक ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की विभाग द्वारा निरंतर जांच भी होती रहती है जिससे गर्भवती महिला का पोषण पूर्ण रहे और स्वस्थ बच्चे का जन्म हो। इस कार्यक्रम में अकेली गर्भवती महिलाओं को ही नहीं बल्कि धात्री महिलाओं सास, जेठानी, देवरानी, नंद आदि जो भी महिलाएं घर में होती हैं उनको भी शामिल किया गया है। उनका कहना था कि हमारा प्रयास है कि प्रत्येक गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महीने में दो बार यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।



**महिलाओं को प्रेरित किया**

इन कार्यक्रमों में सीडीपीओ, सुपरवाइजर आदि सहित उच्च अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन किया जाता है की आधुनिक युग में महंगाई के चलते हमारे पास जो खानपान की वस्तुएं उपलब्ध हैं जैसे मिश्रित अनाज, फल आदि जोकी बहुत कम लागत में मिलते हैं उनको पकाने का तरीका, रखने का तरीका, उनको खाने का समय आदि के बारे महिलाओं को प्रेरित किया जाता है।

**ये रहीं मौजूद**

इस मौके पर आंगनवाड़ी वर्कर पिंकी, सुषमा, पूनम, सुदेश, मनजीत, लक्ष्मी, हेल्पर उषा, राजरानी, सुनीता, गर्भवती महिला संजू, मंजू, नेहा, आरती, निशु आदि सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

## खंडहर चौपाल के निर्माण व पानी निकासी को लेकर सौंपा ज्ञापन

- पुर रोड पर लगभग 50 वर्ष पहले बनी चमार समाज की चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने समाधान शिविर में गांव लोहारी जाटु की समस्याओं को लेकर उपायुक्त के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ईश्वर सिंह मान ने बताया कि गांव में पुर रोड़ पर लगभग 50 वर्ष पहले बनी चमार समाज की चौपाल के दोनों तरफ से कई वर्षों से गंदा पानी भरा रहने के कारण खंडहर हो चुकी है। इसकी दुर्दशा सुधारने के लिए शासन-प्रशासन ने जिला परिषद को 11 लाख रुपये अनुदान के तौर पर दिए है जोकि चौपाल को तोडक़र बनाने में पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस चौपाल को तोडक़र उच्ची उठाकर नींव भरी जाए।




**भिवानी।** पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने समाधान शिविर में उठाई गांव लोहारी जाटु की समस्याएं *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सेवानिवृत अधिकारी दयाराम, अंगुरी देवी, राजकुमार, सुरज, चान्दराम पूर्व पंच, संतरा देवी, सोनू, सज्जन, प्रेमपाल, अनिल, आशिष, खजानी, रामचन्द्र, मेदाराम, ओमप्रकाश, राजेश, सिलोचना, प्रीतम, दलबीर, रामप्रसाद, अनीता रानी, अंजु, मीना देवी, नशीब कुमार, केला देवी, राजमल, शकुंतला, रामोतार, हरीश सिंह, संजय, शेर सिंह, राजबीर सिंह, अशोक कुमार, राजेश कुमार,महाबीर, सतबीर, सुरेन्द्र, हरिकिशन समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 6 लाख की लागत से बनेगा पक्षी विहार, सुबह-शाम चहचहाएंगे पक्षी



**बवानीखेड़ा।** बाबा कमाल झील पर पक्षी विहार का कार्य करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**दीपक कुमार डुमड़ा बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में बाबा कमाल झील का नजारा हटकर दिखने वाला है। जहां तीन करोड़ से बनाई गई झील डरावनी बनी हुई थी और लोग इस स्थान पर जाने के लिए कतराने लगो थे क्योंकि यहां पर नशेड़ियों ने अपना अड्डा बनाया लिया था हालांकि प्रशासन भी समय समय पर यहां गश्त करता रहा है। वहीं नगर पालिका सरकार की नजर इस पर पड़ी और अब यहां पर 6 लाख की लागत से पक्षी विहार बनाए जाने की योजना को सिरे चढ़ाया गया जिसका कार्य तेजी से चल रहा है। पक्षियों के लिए घोंसले बनाए जाएंगे। 6 लाख की लागत से बनेगा पक्षी विहार नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि पक्षियों, उनके प्राकृतिक आवास और जैव विविधता के संरक्षण के लिए विशेष स्थान हैं। ये जगहें न केवल पक्षियों को विलुप्त होने से बचाती हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, पर्यटन शिक्षा, शोध और मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सरकार अथवा किसी अन्य संस्था द्वारा संरक्षित वन, पशु-विहार या पक्षी विहार को अभयारण्य कहते हैं। इनका उद्देश्य पशु, पक्षी या वन संपदा को संरक्षित करना, उसका विकास करना व शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में उसकी मदद लेना होता है। उन्होंने बताया कि इस कार्य पर लगभग 6 लाख की लागत आएगी और ये कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग दस दिनों में ये कार्य पूरा हो जाएगा और पक्षी विहार में पक्षी चहचहाते हुए दिखाई देंगे।

## निरंकारी श्रद्धालुओं ने की सफाई

- प्रोजेक्ट अमृत के चौथे चरण में स्वच्छ जल-स्वच्छ मन पर आधारित अभियान में ग्रामीणों ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

गांव लेघां स्थित संत निरंकारी मिशन के निरंकारी श्रद्धालुओं ने मुख्य बस स्टैंड पर सफाई अभियान चलाया। सेवादल व साध संगत ने बस स्टैंड से लेकर निरंकारी भवन तक सफाई अभियान चलाया और कूडा कर्कट एकत्रित करके एकांत स्थान पर डाला।

संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में, सतगुरू बाबा हरदेव सिंह की अनेक शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के प्रोजेक्ट अमृत के चौथे चरण में सफाई अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता लेघां ब्रांच के मुखी महात्मा राजपाल ने की। सफाई अभियान के तत्पश्चात निरंकारी सत्संग कार्यक्रम हुआ। सतगुरू सुदीक्षा महाराज का संदेश देते हुए कहा कि मुखी राजपाल ने साध संगत को फरमाया कि निःसंदेह, 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' का यह संदेश केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है, जिस प्रकार ब्रह्मज्ञान आत्मा को शांति प्रदान करता है, उसी प्रकार यह स्वास्थ्य सेवा समाज के प्रत्येक वर्ग को शारीरिक राहत और सशक्त जीवन प्रदान करने का माध्यम है।



**बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाएं सदैव जीवित रहेंगी**

प्रत्येक श्रद्धालु ने तन-मन-धन को निराकार परमात्मा की देन मानते हुए निष्कपट भाव से सेवा की। जब सेवा स्वार्थरहित होती है, तभी वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। अंत में यही कामना की गई कि बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाएँ प्रत्येक हृदय में जीवित रहे। सफाई अभियान व सत्संग कार्यक्रम में गांव के गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवियों ने भागीदारी की और सराहना करते हुए कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाएं सदैव जीवित रहेगी। उन्होंने अनेको परोपकारी कार्य किए, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

## डीएमसी गुलजार मलिक ने सुनीं समाधान शिविर में समस्याएं

- अधिकारियों को निर्धारित समय पर आने व समस्याओं पर ठोस कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में डीएमसी गुलजार मलिक ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित समय पर आना सुनिश्चित करें और समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि शिकायत को शीघ्र निपटाने के साथ-साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी जरूरी है। समाधान शिविर में डीएमसी श्री मलिक के समक्ष सुनील ने शहर के हांसी गेट, घंटाघर व कृष्णा कालोनी से अतिक्रमण हटवाने और मुख्यालय पर गलत रिर्पोट भेजने पर कार्रवाही करवाने, पूर्व पार्षद ईश्वर सिंह ने जाटू लोहारी आंगनबाड़ी केंद्र के बनी गंदे पानी की समस्या का समाधान करवाने, मोनू ने जीतूवाला जोहड़ के पास सर्विस रोड़ के बीच से बिजली के पोल व पिलर हटवाने, कुंगड़ निवासी शकुंतला ने प्लाट से अवैध कब्जा हटवाने, आसलवास की पूनम ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने, धारेडू के हरिकिशन ने फसल की गिरदावरी चढ़वाने, मामन व मीना ने आपसी झगड़े के चलते पुलिस कार्रवाही करवाने, सोमबीर ने अविवाहित पेंशन बनवाने, तिगड़ाना निवासी रेखा ने दयालु योजना का लाभ दिलवाने, उमेद ने अपने बच्चे का 134 ए के तहत दाखिला होने के चलते फीस वसूलने पर स्कूल के खिलाफ कार्यवाही करवाने व कांता ने शिक्षा विभाग से पेंशन बनवाने की शिकायत रखी।

## फर्स्ट स्टेयर प्ले स्कूल में तीसरा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया




**चरखी दादरी।** उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते विद्यार्थी *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

शंकर कॉलोनी स्थित फर्स्ट स्टेयर प्ले स्कूल में तीसरा वार्षिक उत्सव मस्ती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. महिमा सिंह एवं डॉ. अस्मिता फौगाट, रजत फौगाट, वन्दना शर्मा, राजबाला, डिप्टी डीइओ के सान्निध्य में संपन्न हुआ। मां सरस्वती एवं गणेश वंदना नृत्य ने वातावरण को श्रद्धा और उल्लास का समावेश हो गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. महिमा सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपने स्कूली जीवन को याद करते हुए कहा कि काश इस तरह का मंच हमें भी मिलता बच्चों के आत्मविश्वास की तारीफ करते हुए कहा कि हर किसी सफलता के पीछे आत्मविश्वास का होना अनिवार्य है।

**बच्चों को डिब्बा बंद चीजों से दूर रखने की सलाह**

अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को जंक फूड एवं डिब्बा बंद चीजों से दूर रखने की सलाह दी। डॉ. अस्मिता फौगाट ने कहा कि बच्चों को सपनों की उड़ान दें। कड़ी मेहनत की आदत बचपन से ही डालें। रजता फौगाट ने कहा कि सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए फर्स्ट स्टेयर की कलावती शिक्षा समिति वचनबद्ध है। निदेशक बलराज फौगाट ने अभिभावकों का आभार जताया।

## मेडिकल स्टोर संचालक के साथ हमले में पुलिस ने किया मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** जमालपुर में मेडिकल स्टोर संचालक पर हमला कर मारपीट करने पर मेडिकल स्टोर संचालक के पुत्र के ब्यान पर आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मामला शनिवार शाम लगभग सात बजे के करीब का है जब जमालपुर मार्केट में सेठी मेडिकल स्टोर की स्कूटी के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ करने और मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मनाही करने पर दोनो के बीच तनातनी शुरू हो गई थी। मैडिकल स्टोर संचालक संजय सेठी ने बताया था कि हमला करने वाले युवक नशे में थे और पहले 3-4 युवक थे जिन्हें समझाने पर वे तैश में आ गए और उन्होंने आधा दर्जन युवकों को हथियारों से लैस होकर बुलवाया ओर उन्होंने उसके बेटे प्रतीक व पड़ोसी खुश को चोटें मारी। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि प्रतीक के ब्यान पर आशीष, राहुल, टोनी व 4-5 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हमलावरों की तलाश जारी है।

**श्रद्धालुओं को धर्म मार्ग पर चलने की दी प्रेरणा**

# ढोल नगाड़ों के साथ निकाली ध्वज शोभायात्रा

**श्रीशीतल नाथ जैन मंदिर में ध्वजारोहण समारोह संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय नित्यानंद सुरी महाराज के पावन आशीर्वाद से श्रीशीतल नाथ जैन मंदिर में 21वां वार्षिक ध्वजारोहण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीजैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में किया।

समारोह कोकिला कंठी जैन भारती महासाध्वी गुरुणी मीणा महाराज की सुशिष्या महासाध्वी समर्थ, समबुद्ध एवं साधिका की पावन निश्रा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य ध्वज शोभायात्रा निकाली, जो श्रीशीतलनाथ जैन मंदिर से शुरू होकर मंदिर में ही संपन्न हुई। वहीं शोभायात्रा में मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्वागत सत्कार किया।



**चरखी दादरी।** श्रीशीतल नाथ जैन मंदिर में ध्वजारोहण करते श्रद्धालु।

**भजनों की प्रस्तुति दी**

शोभायात्रा में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। संघ के प्रधान आईसी जैन ने बताया कि समारोह में श्रीशीतलनाथ ध्वजा का लाभ अरुण जैन और श्रीपारसनाथ ध्वजा का सौभाग्य नवनीत जैन के परिवार को मिला। पूजन के अन्य लाभार्थियों में लकी, राकेश, मास्टर जगदीश, संजीव, प्रमोद, आदेश, रिंकल, कपिल, धीरज, पंकज, ललित व कोमल शामिल रहे। स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था आईसी जैन परिवार और अल्पाहार की सेवा सुनील जैन ने की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान महासाध्वीश्री समर्थ और समबुद्ध महाराज ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी और श्रद्धालुओं को धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अंत में प्रधान जैन ने जैन समाज का आभार जताया।

## खबर संक्षेप




### केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस

**भिवानी।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत स्काउट एवं गाइड के संस्थापक स्व॰ बेडन पॉवेल और लेडी पॉवेल को पुष्पांजलि अर्पित करके की गयी। इसके बाद सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। 'हमारी दोस्ती' विषय संबन्धित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें मानव गांठ, दोस्ती गांठ, अंदर-बाहर, इत्यादि गतिविधिया एवं खेल शामिल हैं और बच्चों ने दोस्ती के गाने भी गाए।

### किरायेदार का वेरीफिकेशन करवाना अनिवार्य

**चरखी दादरी।** अगर कोई अपने घर या प्लॉट में किरायेदार रखता है तो उसका वेरिफिकेशन कराना जरूरी है। न्यायालय एवं सरकार के निर्देशों के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से संपत्ति मालिक को किरायेदार का सत्यान करवाना है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने इसको लेकर पुलिस विभाग, नगर परिषद और पंचायत विभाग को आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि भवन मालिक को किरायेदार का पूरा ब्योरा पुलिस थाने में दर्ज कराना है। इसमें कोताही बरतना किसी के लिए भी महंगा पड़ सकता है।

### विद्यार्थियों के नैतिक मूल्यों एवं समग्र विकास पर की चर्चा

**चरखी दादरी।** सोमवार को चरखी गांव स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में 'शिक्षा संवाद' कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य सशक्त संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए सकारात्मक सहयोग सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से विभिन्न शैक्षिक विषयों पर सारगर्भित प्रश्न पूछे तथा उनके महत्वपूर्ण सुझाव आमंत्रित किए। अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपने विचार एवं सुझाव सांझा किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रगति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा समग्र विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## पूर्व मुख्यमंत्री मास्टर हुकम सिंह के नाम पर होगा तालाब का सौंदर्यीकरण: सांगवान

# लघु सचिवालय में शुरू होगा सरकारी पीजी कॉलेज, छात्रों को मिलेगी सुविधा

**विधायक सांगवान ने विधानसभा बजट सत्र में उठाए दादरी के विकास से जुड़े मुद्दे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


चरखी दादरी। विधानसभा में दादरी क्षेत्र की विभिन्न की मांग रखते विधायक सुनील सांगवान। फोटो: हरिभूमि

दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में क्षेत्र की वर्षो पुरानी समस्याओं और विकास से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती से सदन में उठाया। विधायक सांगवान ने कहा कि दादरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार गंभीर है और कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अंतिम चरण में हैं। विधायक सांगवान ने जानकारी दी कि जल्द सरकारी पीजी कॉलेज को नई बिल्डिंग मिलने जा रही है। फिलहाल ये कॉलेज पुराने लघु सचिवालय भवन में शिफ्ट किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

उल्लेखनीय हैं कि विधायक सुनील सांगवान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास को लेकर मुख्यमंत्री व मंत्रियों के समक्ष आवाज उठाते हैं, ताकि दादरी विस क्षेत्र के विकास को गति मिल सकें। इसी कड़ी में दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में दादरी क्षेत्र की अनेक मांगे उठाई। विधायक ने सरकारी पीजी कॉलेज को बहुत जल्द नई बिल्डिंग मिलने की बात कही।

उन्होंने बताया कि फिलहाल ये कॉलेज पुराने लघु सचिवालय भवन में शिफ्ट किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके साथ ही दादरी में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मास्टर हुकम सिंह के नाम पर तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और परियोजना की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। विधायक सांगवान ने विस सदन में बताया कि एसटीपी ओवरफ्लो होने के कारण सैंकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस समस्या के स्थायी समाधान और प्रभावित किसानों को राहत देने की मांग की।

इसके अलावा पिछले दिनों हुई बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजा वितरण में किसानों की शिकायतें सामने आई हैं। विधायक ने पूरे मामले की जांच करवाकर किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की।

### आईडीटीआर व आईटीआई निर्माण की मांग

विधायक सांगवान ने जिले में वाहन चालकों को प्रशिक्षित करने के लिए आईडीटीआर सेंटर स्थापित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई, ताकि युवाओं को वाहन प्रशिक्षण के लिए दूसरे जिले में नहीं जाना पड़े और ज्यादा से ज्यादा युवा हैवी लाइसेंस बनवाने का लाभ उठा सकें। वहीं उन्होंने बौंद उपतहसील के गांव रणकोली में स्वीकृत आईटीआई के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करवाने पर जोर दिया, ताकि क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिल सकें।

### सड़क व जल निकासी की उठाई मांग

विधायक सांगवान ने बताया कि दादरी–झज्जर एनएच-334बी टूट चुका है, जिसे नए सिरे से बनाया जाना बेहद जरूरी है, ताकि हादसों पर नियंत्रण लग सकें। इसके साथ ही झज्जर से दादरी व बिलावल गांव तक बनने वाले हाईवे के साथ-साथ जमीन एक्वायर कर ड्रेन बनाने की मांग उठाई, ताकि सीवरेज और बरसाती पानी की उचित निकासी हो सके। दादरी शहर व आसपास के जलभराव वाले क्षेत्रों में आरसीसी पाइप लाइन बिछाकर पुख्ता जल निकासी व्यवस्था करने का मुद्दा भी सदन में उठाया, ताकि किसानों को खेतों व क्षेत्रवासियों को रिहायशी क्षेत्र में होने वाले जलभराव से निजात मिल सकें।

### खेल, शिक्षा और कौशल विकास की योजनाएं

विधायक ने समसपुर गांव में खेल स्टेडियम के अपग्रेडेशन के साथ-साथ इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान करने की मांग रखी। वहीं गांव मोरवाला की पंचायत द्वारा दिए गए 10 एकड़ भूमि प्रस्ताव पर जल्द से जल्द प्रोजेक्ट तैयार कर कार्य शुरू करवाने की भी बात कही, ताकि लोगों को सुविधाएं मिल सकें और दादरी के विकास को गति मिल सकें।

# 2 मार्च को मतदाता सूची का ड्राफ्ट होगा प्रकाशित

- पंच के रिक्त पदों के उपचुनाव के दृष्टिगत वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने बारे कार्यक्रम जारी: डॉ नागपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 तथा हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं जिला परिषदों के सरपंच व पंच पदों के उपचुनाव के लिए वार्डवार मतदाता सूचियों के प्रकाशन हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है।

डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि जिला की ग्राम पंचायत बास में वार्ड 5, बौन्द कला में वार्ड- 18 व 20, मालकोष में वार्ड 11, मिसरी वार्ड 11 व 13, सावड़ में वार्ड- 14, असावरी में वार्ड 2, ढ़ाणी गुजराण में वार्ड- 7, बडराई में वार्ड- 5, अबिदपुरा में वार्ड- 1, रामलवास में वार्ड- 1, मैहड़ा में वार्ड- 8, दगड़ौली में वार्ड 5, चिड़िया में वार्ड 6, मकड़ाना में वार्ड- 6, टिकाण कला में वार्ड 3, रामपुरा में वार्ड 8, बलकरा में वार्ड 1, उमरवास में वार्ड- 2 तथा सदस्य पंचायत समिति वार्ड 21 में पंचों के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायतों की वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के आधार पर तैयार की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपना नाम ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में शामिल करवाने से पूर्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करे। जारी कार्यक्रम के अनुसार वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने हेतु संबंधित क्षेत्रों के निर्वाचकों का वितरण कार्य 28 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत ग्राम पंचायतों की वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 2 मार्च 2026 को किया जाएगा।

### 12 तक किया जाएगा आपत्तियों का निपटान

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि वार्ड वार मतदाता सूची का ड्राफ्ट 2 मार्च को प्रकाशित होगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 9 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटान 12 मार्च तक किया जाएगा। दावों एवं आपत्तियों के निपटारे के विरुद्ध 16 मार्च तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर की जा सकेगी, जिनका निपटान 19 मार्च तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च को किया जाएगा।

# 946 लोगों ने कराई आंखों की जांच

- बिलावल की स्मृति वाटिका में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


चरखी दादरी। शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते सोमबीर घसोला।

गांव बिलावल स्थित स्मृति वाटिका में सोमवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और 946 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई जांच के बाद 54 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जबकि 278 मरीजों को मौके पर ही निशुल्क चश्मे वितरित किए गए। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर घसौला ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद लाभकारी है।

### लोगों को दिए आवश्यक परामर्श

टीम ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से मरीजों की आंखों की बारीकी से जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर लगाने की मांग की है और साथ ही हरियाणा माइनिंग क्रेशर एसोसिएशन के प्रधान सोमवीर घसौला के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शहर को गंदगी से मुक्त कर बनाएं नंबर वन

- स्वच्छता सर्वे के लिए मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में शहरी आवास केंद्रीय मंत्रालय से आएगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। एक प्वाइंट पर बनाया गया टायरों से टैंक का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह से जिला के शहरी क्षेत्र में स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 शुरु होगा। स्वच्छता सर्वेक्षण 12500 अंक का होगा। स्वच्छता कार्य का सर्वे शहरी आवास केंद्रीय मंत्रालय की टीम द्वारा किया जाएगा। सर्वे कार्य में नगर परिषद या नगर पालिका द्वारा भिवानी शहर के साथ-साथ कस्बा बवानीखेड़ा, सिवानी और लोहारू में स्वच्छता पर किए गए कार्य व प्रयासों को देखने के साथ-साथ आमजन से भी राय ली जाएगी।

### नप टीम द्वारा निरीक्षण कर दी जा रही है चेतावनी

डीएमसी गुलजार मलिक के निर्देशानुसार सफाई निरीक्षक विकास देसवाल और स्वच्छ भारत मिशन भिवानी के इंचार्ज सन्नी शर्मा द्वारा शहर में कचरा प्वाइंट को समाप्त कर स्वच्छ बनाई गई जगहों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग देने की अपील की जा रही है।

### क्या कहते है अधिकारी

जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में नागरिकों का अहम योगदान होता है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा भिवानी शहर के अलावा कस्बा बवानीखेड़ा, सिवानी और लोहारू में स्वच्छता के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं।

### 12 कचरा प्वाइंट को किया समाप्त

भिवानी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा भरसक प्रयास किए गए हैं, जिसमें जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक शहर में कचरा प्वाइंट को समाप्त कर उस जगह का सौंदर्यकरण करना शामिल है। 12 प्वाइंट हैं, जिनमें हांसी गेट के पास केएम पब्लिक स्कूल, रेडक्रॉस भवन के पास, हलवासिया स्कूल के सामने, द्रोणाचार्य स्कूल के पास, रविदास रोड़ पर सर्विस स्टेशन के पास, न्यू हाउसिंग बोर्ड, फूला देवी स्कूल, चौ. बंसीलाल पार्क के पास, चौ. बंसीलाल सामान्य अस्पताल के पास, कमला भवन के पास, दादरी रोड क्षेत्र में सरकुलर रोड़ पर, सेक्टर 13 में जगह शामिल है।

## चेयरपर्सन अनिता मलिक ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर की न्याय दिलवाने की मांग

**तोशाम।** जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्य सचिव, महानिदेशक पुलिस हरियाणा आदि को पत्र लिखकर गत दिनों तोशाम थाने में कृष्ण मलिक पर दर्ज हुए एससी एसटी एक्ट में दुर्भावनापूर्ण एवं राजनीतिक प्रेरित कार्रवाई तथा 15 फरवरी को कृष्ण मलिक की अवैध गिरफ्तारी को लेकर मामले में निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि गत 5 फरवरी से 14 फरवरी तक की हरि सिंह सांगवान तथा भिवानी के पुलिस अधीक्षक, तोशाम के थाना प्रभारी व डीएसपी के निजी एवं सरकारी मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड एवं व्हाट्सएप कॉल विवरण सुरक्षित कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए और उन्हें त्वरित न्याय दिलवाया जाए। जिला परिषद चेयरपर्सन ने बताया कि गांव सीढाण निवासी हरिसिंह द्वारा मंत्री श्रुति चौधरी एवं राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के निर्देश पर कृष्ण कुमार के विरुद्ध 11 फरवरी को एससी एसटी एक्ट के तहत झूठा एवं दुर्भावना पूर्ण मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

# शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखें अधिकारी

- समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते डीसी। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सोमवार व गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक नियमित रूप से समाधान शिविर का आयोजन कर आमजन की प्रत्येक समस्या का समाधान किया जा रहा है। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनी। डा नागपाल ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों के आधार पर संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अधिकारी जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए शिकायतों का निवारण करवाएं। जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### लोगों की समस्याओं का जल्द करें समाधान

उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निवारण करवाना है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का निपटान करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आईं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई कर लोगों को राहत पहुंचाएं। उपायुक्त ने समाधान शिविर में रखी गई सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

## एचडी स्कूल बिरोहड़ में ओलंपियाड फेज दो का किया आयोजन



**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में छठीं 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड फेज 2 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक कौशल तथा विषय ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से किया गया, जिससे विद्यार्थियों को सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त हुआ। विद्यालय के निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओलंपियाड जैसी प्रतियोगिताएं छात्रों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## मांग नहीं मानी तो गांव के लोग वाटर बूस्टर को ताला जड़कर सड़क जाम करेंगे

# दूषित पानी की सप्लाई के विरोध में गरजे बापौड़ा के ग्रामीण

**गंदे पानी के सेवन से बच्चों और ग्रामीणों में बीमारियां फैल रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। बापौड़ा में घरों में पहुंचा दूषित पानी की सप्लाई व गंदे पानी की सप्लाई के विरोध में नारेबाजी करते लोग। फोटो: हरिभूमि

गांव बापोड़ा में पीने के पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। गांव में बीते एक साल से पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है, और अब गर्मी शुरू होने से पहले ही हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। गंदे पानी के सेवन से बच्चों और ग्रामीणों में बीमारियां फैल रही हैं। बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत हो रही है, हालात ऐसे बन चुके हैं कि कई बच्चे स्कूल जाकर परीक्षा तक नहीं दे पा रहे हैं।ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। यह तस्वीरें गांव बापोड़ा की हैं, जहां लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

### एक साल से सप्लाई ठप पड़ी

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पिछले एक साल से पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप पड़ी है। मजबूरी में लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, जिसकी वजह से बीमारियां तेजी से फैल रही हैं गांव में छोटे-छोटे बच्चे उल्टी, दस्त और पेट की बीमारियों से पीड़ित हैं। हालात इतने खराब हैं कि कई बच्चे बीमार होने के कारण स्कूलों में परीक्षा तक नहीं दे पा रहे। ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे मजबूर होकर बड़ा आंदोलन करेंगे। वही ग्रामीणों ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो हम मजबूर होकर वाटर बूस्टर पर ताला जड़ेंगे और सड़क जाम करेंगे।

### आर्यावर्त के छात्र दीपेश ने आईआईटी जेईई मैंस में प्राप्त की 94 प्रेसेंटाइल

**चरखी दादरी।** आदमपुर डाढ़ी स्थित आर्यावर्त वमा विद्यालय के छात्र दीपेश पुत्र घनश्याम निवासी गांव बालरोड ने आईआईटी जेईई मैन्स परीक्षा में 94 प्रेसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं पूरे चरखी दादरी जिले का नाम रोशन किया है। दीपेश की उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी है। प्राचार्य विक्रांत वशिष्ठ ने दीपेश को बधाई दी। प्राचार्य वशिष्ठ ने कहा कि ये उपलब्धि छात्र दीपेश की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा संस्थान की अनुशासित शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। विद्यालय निरंतर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी उपलब्ध करवा रहा है।